SHRI FALI S. NARIMAN (Nominated) : Madam, I associate myself with what the hon. Member has said.

नौवहन मंत्री (श्री शत्रुघ्न सिन्हा) : मैडम ...

श्री राजीव शुक्ल : मैडम, श्री शत्रुघ्न सिन्हा जी ... **(व्यवधान)** ... मिनिस्टर एसोसिएट कर रहे हैं, तो इस से बढ़िया बात क्या है ?

उपसभापति : सवाल यह है कि जब छुट्टी की बात आती है तो सब लोग कहते हैं हमें हमारे नेता के लिए छुट्टी चाहिए, त्योहार की छुट्टी चाहिए। This decision will have to be taken not only by the Government, but by everybody else.

श्री राजीव शुक्ल : मैडम, सारी रिलीजियस छुट्टियां रिस्ट्रिक्टेड कर देनी चाहिए और जो जिस रिलीजन का है, वह उस रिलीजन की छुट्टी ले।

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (मध्य प्रदेश) : मैडम, यह काम का वक्त है और यहां भी छुट्टी-छुट्टी है।

उपसभापति : ये छुट्टियां भी रोकनी चाहिए जब लोग पार्लियामेंट में नहीं आते हैं। ...**(व्यवधान)**... कोरम का प्रॉब्लम कोई उठाता नहीं है, लेकिन उठा सकता है और भी बहुत महत्वपूर्ण बातें होती हैं, लेकिन कोई यहां हाउस में रहता नहीं है। इस के बारे में सोचना चाहिए। We will now take up the Legislative Business. Shri Anandrao Vithoba Adsul.

GOVERNMENT BILLS

THE COMPANIES BILL, 1997

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI ANANDRAO VITHOBA ADSUL) : Madam, I beg to move for leave to withdraw the Companies Bill, 1997.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI ANANDRAO VITHOBA ADSUL : Madam, I withdraw the Bill.

THE COMPANIES (AMENDMENT) BILL, 2003

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI ANANDRAO VITHOBA ADSUL) : Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Companies Act, 1956.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI ANANDRAO VITHOBA ADSUL : Madam, I introduce the Bill.

THE DEPUTY CHAIRMAN : The House is adjorned for one hour for lunch. After lunch, we will take up the Legislative Business. I hope there will be enough Members in the House.

The House then adjourned for lunch at thirteen minutes past one of the clock.

[The House reassembled at fifteen minutes past two of the clock, **THE DEPUTY CHAIRMAN** in the Chair].

The infant milk substitutes, feeding bottles and infant foods (regulation of Production, Supply and Distribution) Amendment Bill, 2003.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Now, we shall take up the Legislative Business— the infant Milk Substitutes, Feeding Bottles and Infant Foods (Regulation of Production, Supply and Distribution) Amendment Bill, 2003. Dr. Murli Manohar Joshi will move the motion.

This Bill has been allotted 30 minutes. How can it be? ... *(Interruptions)*...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu) : At least one hour ... *(Interruptions)* ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : You can speak. ...*(Interruptions)*... But we have to decide how we will do it. ...*(Interruptions)*... We have to decide the time...*(Interruptions)*.. आप मूव करिए मोशन।

मानव संसाधन विकास मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा महासागर विकास मंत्री (डा० मुरली मनोहर जोशी) : महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :—

''शिशु दुग्ध अनुकल्प, पोषण बोतल और शिशु खाद्य (उत्पाद, प्रदाय और वितरण विनियमन) अधिनियम, 1992 का संशोधन करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप, में विचार किया जाए।''

महोदया, हमारे देश में यह बात बहुत दिनों से ज्ञात है लोगों को, कि माताओं के स्तनपान की अवधि लम्बी होनी चाहिए और हमेशा हमारे देश में बच्चों को स्तनपान के द्वारा पोषण किए जाने